

# रिपोर्ट 2025

## विकलांग सहारा समिति दिल्ली
## एवं
## दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार

### एवं

### जिला कार्यालय, उत्तरी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली सरकार



दिव्यांग सहायता शिविर एच–45

भगवान महावीर अस्पताल, गुरू

हरिकृश्ण मार्ग पीतम पुरा दिल्ली

दिनांक 15 एवं 16 अक्टूबर–2025

# कैम्प का विवरण

विकलांग सहारा समिति दिल्ली **एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार एवं जिला कार्यालय, उत्तरी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली सरकार** व अन्य विभागों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के तत्वाधान में दिनांक **15 एवं 16/10/2025** को दिव्यांग कैम्प का आयोजन किया गया। यह कैम्प दिल्ली के अस्पताल भगवान महावीर अस्पताल, गुरू हरिकृशन मार्ग पीतम पुरा दिल्ली में आयोजित किया गया। भगवान महावीर अस्पताल के चिक्तिसक अधीक्षक डा0 मनोज कुमार व उप चिक्तिसक अधीक्षक एवं संस्था के संस्थापक कपिल कुमार अग्रवाल व महासचिव बन्टी सौलंकी ने दीप प्रज्वलित कर कैम्प का शुभारम्भ किया। इस कैम्प में दिव्यांगजनों को निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान की गई जैसे :–

1. भगवान महावीर अस्पताल द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र व रेलवे पास बनाए गए।

2. विकलांग सहारा समिति के माध्यम से लोगों का पंजीकरण एवं दिव्यागजनों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। एवं सहायक उपकरण जैसे :– ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, बैसाखी भी प्रदान किए गए।

3. समाज कल्याण विभाग ने दिव्यांग व्यक्तियों को पेंशन योजना की जानकारी प्रदान की।

4. डीसी कार्यालय के माध्यम से दिव्यांग व्यक्तियों को एसडीएम पहचान पत्र बनाए गए।

5. फैमिली ऑफ डिसेबल्ड (एनजीओ) ने दिव्यांग व्यक्तियों के लिए ब्याज मुफ्त ऋृण एवं अन्य जानकारियों से भी अवगत कराया गया।

6. वी.आर.सी व श्रम मंत्रालय ने दिव्यांगजनों के लिए व्यावसायिक पुनर्वास के साथ लोगों को रोजगार के अवसर और व्यावसायिक प्रशिक्षण के बारे में जानकारी प्रदान की।

7. उड़ान स्पेशल स्कूल के माध्यम से मानसिक रूप से ग्रस्त बच्चों के माध्यम से बनाने वाली वस्तुएं जैसे– ऑर्गेनिक साबुन, मालाए बनाकर लोगों के लिए प्रदर्शनी लगाई।

8. दिल्ली परिवहन निगम कार्यालय के माध्यम से दिव्यांग व्यक्तियों के बस पास बनाए गए।

9. शिक्षा विभाग दिल्ली के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को शिक्षा प्रदान करने की जानकारी उपलब्ध कराई गई।

10. अनुसूचित जाति/जनजाति/अल्पसंख्यक एवं दिव्यांग विभाग दिल्ली सरकार के माध्यम से दिव्यांगजनों को अपने रोजगार के लिए लोन की जानकारी दी गई कि आप कम ब्याज पर अपना स्वयं का रोजगार करके अपनी जीविका चला सकते है।

11. नेशनल ट्रस्ट से आए अधिकारियों ने मंदबुद्धी बच्चों को अपने संस्थान से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत कराया कि हमारी संस्था दिव्यांग बच्चों को रहने व उन्हें शिक्षा प्रदान करने में भी मदद करती है, साथ ही साथ संस्था निःशक्तताग्रस्त व्यक्तियों के लिये स्वास्थ्य बीमा योजना) ऐसे व्यक्ति जिनके परिवार की आय Rs. 15000/- प्रतिमाह तक है उन्हें इस योजना के अंतर्गत निःशुल्क सम्मिलित किया जाएगा। यह सभी जानकारी इस शिविर में दी ।

ऐसी और कई सुविधाएं इस कैम्प में दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई गई। जिससे उन्हें बहुत ही फायदा हुआ जो काम 2 से 3 महीने में होते है वही काम इस कैम्प के आयोजित होने से इस दो दिन में ही उन्हें यह सभी सुविधाएं मिल गई। विकलांग सहारा समिति दिल्ली द्वारा आयोजित इस कैम्प में लगभग 1163 दिव्यांग लोगों के रजिस्ट्रेशन किया। अस्पतालों के एम एस महोदय जी ने इस कैम्प को सराहा और दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विकलांग सहारा समिति दिल्ली के संस्थापक एवं सीईओ श्री कपिल कुमार अग्रवाल को धन्यवाद किया कि इस कैम्प के आयोजन से दिव्यांगजनों को जो सुविधा मिली है वह अपने आप में सराहनीय कार्य है। इस कैम्प में दूर दूर से दिव्यांगजन आए हुए थे उन्होने देखा कि दिव्यांगजनों को जो सुविधा 4 या 5 साल में मिलती है इस कैम्प के माध्यम से वही सारी सुविधा केवल दो दिनों के अन्दर मिल रही है, ऐसे कैम्पों से दिव्यांगजनों में एक उत्साह बढ़ता है और वह ऐसे कैम्पों के

माध्यम से सुविधाए प्रदान करते है। उपरोक्त शिविर में उड़ान स्पेशल स्कूल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। शिविर में आए हुए दिव्यांगजनों व साधारण जनों को टी–शर्टो का वितरण किया। उपरोक्त शिविर में नुक्क्ड नाटक के माध्यम से दिव्यांगजनों को जागरूक किया। साथ ही उपरोक्त शिविर में स्वयंसेवकों ने दिव्यांगजनों को उनके कार्य हेतु मदद् करने का प्रयास किया उस पर संस्था ने सभी स्वयंसेवको को दिव्यांगजनों की सहायता हेतु प्रमाण पत्रों का वितरण भी शिविर में किया। शिविर के अंत में सभी आए हुए विभाग व गैर विभागों को प्रमाण पत्र एवं पदचिन्ह देकर उन्हें सम्मनित किया। विकलांग सहारा समिति दिल्ली के संस्थापक एवं सीईओ श्री कपिल कुमार अग्रवाल जी ने कहा कि इस तरह के कैम्प हम लगाते रहेगे और ज्यादा से ज्यादा दिव्यांगजनों को सुविधाए प्रदान करते रहेगे। इस कैम्प में निम्नलिखित व्यक्ति वहां थे जो पूरे शिविर में समन्वित करने और विशेष शिविर को सफल और सार्थक बनाने का प्रयास किया।

## शिविर के माध्यम से लाभार्थियों की संख्या

| Sl. No. | Name of Department | No. of enrollment 15/10/2025 | No. of enrollment 16/10/2025 | Sub Total |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **No. of Total Registration** | 575 | 588 | 1163 |
| 2 | **Viklang Sahara Samiti Delhi** | 195 | 180 | 375 |
| 3 | **The National Trust** | 15 | 10 | 25 |
| 4 | **Udaan Special School** | 20 | 15 | 35 |
| 5 | **Deptt. SDM North-West, Delhi for I Card** | 10 | 08 | 18 |
| 6 | **Deptt. DTC Bus Pass** | 23 | 27 | 50 |
| 7 | **Railway Pass** | 52 | 52 | 104 |
| 8 | **Deptt. Of Education Delhi Govt.** | 15 | 35 | 50 |
| 9 | **Deptt. Sc/St/Obc/Min/Handicapped, Delhi Govt.** | 35 | 20 | 55 |
| 10 | **Department of Social Welfare** | 25 | 26 | 51 |
| 11 | **Alimco** | 35 | 0 | 35 |
| 12 | **Deptt. Of Vocational Rehabilitation of Center (VRC)** | 28 | 55 | 83 |
| 13 | **Disabled Certificate/UDID in Hospital (Regd.)** | 45 | 34 | 79 |
| 14 | **NGO Ek Rroshani Trust** | 22 | 41 | 63 |
| 15 | **NGO Kivani** | 18 | 40 | 58 |
| 16 | **NGO Vision** | 10 | 20 | 30 |
| 17 | **NGO Thalessmic** | 05 | 0 | 05 |
| 18 | **DLSA** | 22 | 25 | 47 |

## शिविर की कुछ झलकियां













## शिविर की कुछ झलकियां













<u>शिविर की कुछ झलकियां</u>















<u>शिविर की कुछ झलकियां</u>

















<u>शिविर की कुछ झलकियां</u>

















## शिविर की कुछ झलकियां




एक रोशनी ट्रस्ट
एक रोशनी ट्रस्ट


विकलांग मार्गदर्शन केन्द्र


विकलांग मार्गदर्शन केन्द्र
TATA POWER-DDL
Estd. 1994
Disability Helpline 9899615733,27913307
विकलांग सहारा समिति दिल्ली
एवं
के संयुक्त तत्वाधान में
दिव्यांग व्यक्तियों हेतु
मार्गदर्शन केन्द्र





# शिविर की कुछ झलकियां













<u>शिविर की कुछ झलकियां</u>














# शिविर की कुछ झलकियां


HELPLINE
+91-9899615733
+91-9953051136


दिव्यांगजनों की सेवा सर्वोत्तम सेवा है!









Department of Empowerment of
Persons with Disabilities (Divyangjan)
Ministry Of Social Justice And Empowerment, Govt Of India

VSSD
Estd. 1994

दिव्यांगजनों की सेवा सर्वोत्तम सेवा है।

# विकलांग सहारा समिति दिल्ली

जी-ब्लॉक, बस्ती विकास केन्द्र, मंगोलपुरी दिल्ली

Website: - vssdngo.org, Email:- vssd1994@gmail com

**M.: 9899615733 /9212381733 /9953051136**

एवं

## दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

## भारत सरकार एवं

## जिला कार्यालय, उत्तरी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली सरकार

## के तत्वाधान में

ऑनलाइन दिव्यांग प्रमाण पत्र, ऑनलाइन यूडीआईडी कार्ड, दिव्यांग पेंशन, बस पास, रेल पास, ई-कार्ड, लोन, शिक्षा संबंधित सहायता, निरामाया हेल्थ पालिसी, नि:शुल्क सहायक उपकरणों व दिव्यांगजनों से सम्बन्धित अन्य सुविधाओं हेतु पंजीकरण एवम् माप शिविर का आयोजन

दिनांक 15 एवं 16 अक्टूबर-2025 को प्रात: 10:00 बजे से 4:00 बजे तक स्थान भगवान महावीर अस्पताल, हरकिशन मार्ग, पीतमपुरा नई दिल्ली, में एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

विशेष आकर्षण: संस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड नाटक, जागरूकता रैली, मैजिक शौ, पेंटिंग

में आपका हार्दिक अभिनन्दन है